समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

NIPUN BHARAT

प्रेरणा गीत- हम होंगे कामयाब

हम होंगे कामयाब, हम होंगे कामयाब,
हम होंगे कामयाब, एक दिन।
मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास,
हम होंगे कामयाब एक दिन...

होगी शांति चारों ओर, होगी शांति चारों ओर,
होगी शांति चारों ओर, एक दिन।
मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास,
होगी शांति चारों ओर एक दिन...

हम चलेंगे साथ-साथ, डाल हाथों में हाथ,
हम चलेंगे साथ-साथ, एक दिन।
मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास,
हम चलेंगे साथ-साथ एक दिन...

नहीं डर किसी का आज,
नहीं डर किसी का आज, एक दिन।
मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास,
नहीं डर किसी का आज एक दिन...

संकलन - काव्यांजलि टीम

मिशन शिक्षण संवाद

आओ हाथ से हाथ मिलाएं, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं। #9458278429

प्रेरणा गीत- जीवन में कुछ करना है तो

जीवन में कुछ करना है तो, मन को मारे मत बैठो।
आगे-आगे बढना है तो, हिम्मत हारे मत बैठो।
जीवन मे कुछ करना है तो, मन को मारे मत बैठो।
आगे-आगे बढना है तो, हिम्मत हारे मत बैठो।
जीवन में....

चलने वाला मन्जिल पाता, बैठा पीछे रहता है।
ठहरा पानी सडने लगता, बहता निर्मल होता है।
पाँव मिले चलने की खातिर, पाँव पसारे मत बैठो।
जीवन में....

तेज दौडने वाला खरहा, दो पल चल कर हार गया।
धीरे-धीरे चल कर कछुआ, देखो बाजी मार गया।
चलो कदम से कदम मिलाकर, दूर किनारे मत बैठो।
जीवन में....

धरती चलती, तारे चलते, चाँद रात भर चलता है।
किरणों का उपहार बाँटने, सूरज रोज निकलता है।
हवा चले तो खुशबू बिखरे, तुम भी प्यारे मत बैठो।
आगे आगे बढ़ना है तो, हिम्मत हारे मत बैठो।
जीवन में कुछ करना है तो....

संकलन - काव्यांजलि टीम

मिशन शिक्षण संवाद

आओ हाथ से हाथ मिलाएं, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं। #9458278429

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

NIPUN BHARAT

प्रेरणा गीत- कोशिश करने वालों की हार नहीं होती

लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।

नन्हीं चींटी जब दाना लेकर चलती है,
चढ़ती दीवारों पर, सौ बार फिसलती है।
मन का विश्वास रगों में साहस भरता है,
चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना न अखरता है।
आख़िर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।।

डुबकियाँ सिंधु में गोताखोर लगाता है,
जा जाकर खाली हाथ लौटकर आता है।
मिलते नहीं सहज ही मोती गहरे पानी में,
बढ़ता दुगना उत्साह इसी हैरानी में।
मुट्ठी उसकी खाली हर बार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।।

असफलता एक चुनौती है, स्वीकार करो,
क्या कमी रह गयी, देखो और सुधार करो।
जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,
संघर्ष का मैदान छोड़ मत भागो तुम।
कुछ किये बिना ही जय जयकार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।।

संकलन - काव्यांजलि टीम

मिशन शिक्षण संवाद

आओ हाथ से हाथ मिलाएं, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं। #9458278429

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

NIPUN BHARAT

प्रेरणा गीत- वीर तुम बढ़े चलो

वीर तुम बढ़े चलो! धीर तुम बढ़े चलो!
हाथ में ध्वजा रहे, बाल दल सजा रहे।
ध्वज कभी झुके नहीं, दल कभी रुके नहीं,
वीर तुम बढ़े चलो! धीर तुम बढ़े चलो!

सामने पहाड़ हो, सिंह की दहाड़ हो,
तुम निडर डरो नहीं तुम निडर डटो वहीं।
वीर तुम बढ़े चलो! धीर तुम बढ़े चलो!

प्रात: हो कि रात हो, संग हो न साथ हो,
सूर्य से बढ़े चलो, चन्द्र से बढ़े चलो।
वीर तुम बढ़े चलो! धीर तुम बढ़े चलो!

एक ध्वज लिये हुए, एक प्रण किये हुए,
मातृभूमि के लिए, पितृ भूमि के लिए।
वीर तुम बढ़े चलो! धीर तुम बढ़े चलो!

अन्न भूमि में भरा, वारि भूमि में भरा,
यत्न कर निकाल लो, रत्न भर निकाल लो।
वीर तुम बढ़े चलो! धीर तुम बढ़े चलो!

संकलन - काव्यांजलि टीम

मिशन शिक्षण संवाद

आओ हाथ से हाथ मिलाएं, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं। #9458278429

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

NIPUN BHARAT

प्रेरणा गीत- तुझको चलना होगा

ओ नदिया चले चले रे धारा,
ओ नदिया चले चले रे धारा।
चन्दा चले चले रे तारा,
तुझको चलना होगा, तुझको चलना होगा।।

जीवन कहीं भी ठहरता नहीं है,
आँधी से तूफां से डरता नहीं है।
तू ना चलेगा तो चल देंगी राहें,
मंज़िल को तरसेंगी तेरी निगाहें।
तुझको चलना होगा, तुझको चलना होगा।।
ओ नदिया चले.....

पार हुआ वो रहा जो सफ़र में,
जो भी रुका फिर गया वो भंवर में।
नाव तो क्या बह जाये किनारा,
बड़ी ही तेज़ समय की है धारा।
तुझको चलना होगा, तुझको चलना होगा।।
ओ नदिया चले....

संकलन - काव्यांजलि टीम

मिशन शिक्षण संवाद

आओ हाथ से हाथ मिलाएं, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं। #9458278429

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

NIPUN BHARAT

प्रेरणा गीत- हम लाये हैं तूफान से

पासे सभी उलट गए दुश्मन की चाल के,
अक्षर सभी पलट गए भारत के भाल के।
मंज़िल पे आया मुल्क हर बला को टाल के,
सदियों के बाद फिर उड़े बादल गुलाल के।।

हम लाए हैं तूफ़ान से कश्ती निकाल के,
इस देश को रखना मेरे बच्चों सम्भाल के।
तुम ही भविष्य हो मेरे भारत विशाल के,
इस देश को रखना मेरे बच्चों सम्भाल के।।

देखो कहीं बरबाद ना होए ये बगीचा,
इसको हृदय के खून से बापू ने है सींचा।
रक्खा है ये चिराग़ शहीदों ने बाल के,
इस देश को रखना मेरे बच्चों सम्भाल के।।

दुनिया के दांव पेंच से रखना ना वास्ता,
मंज़िल तुम्हारी दूर है लम्बा है रास्ता।
भटका ना दे कोई तुम्हें धोखे में डाल के,
इस देश को रखना मेरे बच्चों सम्भाल के।।

ऐटम बमों के जोर पे ऐंठी है ये दुनिया,
बारूद के इक ढेर पे बैठी है ये दुनिया।
तुम हर कदम उठाना ज़रा देख भाल के,
इस देश को रखना मेरे बच्चों सम्भाल के।।

आराम की तुम भूल भुलय्या में ना भूलो,
सपनों के हिंडोलों पे मगन होके ना झूलो।
अब वक़्त आ गया है मेरे हँसते हुए फूलों,
उठो छलाँग मार के आकाश को छू लो।
तुम गाड़ दो गगन पे तिरंगा उछाल के।।
इस देश को...

संकलन - काव्यांजलि टीम

मिशन शिक्षण संवाद

आओ हाथ से हाथ मिलाएं, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं। #9458278429